दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, बुधवार 09 फरवरी 2022

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में नाईट कर्फ्यू समाप्त

**कलेक्टर भीम सिंह ने जारी किया आदेश**

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना वायरस एवं नये वेरिएण्ट ओमिक्रान के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के नियंत्रण हेतु गत दिवस जिले में नाईट कर्फ्यू लगाया गया था। वर्तमान में जिले में कोरोना वायरस पॉजिटिव प्रकरणों में गिरावट दर्ज की गई है। फलस्वरूप उक्त आदेश को अधिक्रमित करते हुए रायगढ़ जिले में नाईट कफ्र्यू समाप्त की जाती है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ जिले में संचालित होंगे शासकीय कार्यालय : कलेक्टर भीम सिंह ने जारी किया आदेश

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना वायरस एवं नये वेरिएण्ट ओमिक्रान के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के नियंत्रण हेतु गत दिवस शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की न्यूनतम उपस्थिति हेतु निर्देशित किया गया था। वर्तमान में जिले में कोरोना वायरस पॉजिटिव प्रकरणों में गिरावट दर्ज की गई है, को दृष्टिगत रखते हुए जिले के शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु आदेशित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### 9 फरवरी को प्रात: 10.30 से 11.30 होगा कलेक्टर रेडियो जनचौपाल का द्वितीय प्रसारण

**पूर्व में जारी समय में किया गया है संशोधन**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की कोरोना संक्रमण में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक नई पहल करते हुए विगत माह रेडियो के जरिए जनचौपाल लगायी। इसी कड़ी में रेडियो जनचौपाल का द्वितीय प्रसारण 9 फरवरी 2022 को आकाशवाणी केन्द्र के माध्यम से आयोजित होगा। रेडियो जनचौपाल के माध्यम से इच्छुक नागरिक फोन कर सीधे कलेक्टर सिंह से अपनी समस्या साझा कर सकते है। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी की रिकार्डिंग 9 फरवरी को होगी। इसके लिए पूर्व में जारी समय में संशोधन किया गया है। अब रिकार्डिंग प्रात: 10.30 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक होगी। फोन करने के लिए 07762-223233, 226754 पर संपर्क कर सकते है।

### प्रदेश में आज शुष्क रहा मौसम

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में सोमवार को मौसम शुष्क रहा, वहीं आज मंगलवार को भी मौसम शुष्क है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए, वहीं आज न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हुई है। रायपुर में 14.6, बिलासपुर 12.0, पेण्ड्रारोड में 09.3, अंबिकापुर 09.2, जगदलपुर में 11.4, दुर्ग में 11.6 एवं राजनांदगांव में 14.0 से. डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश में उत्तर से आने वाली हवा घूम कर के उत्तर-पूर्व से आने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है।

### ट्रैक्टर में दबने से बच्चे की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** ट्रैक्टर पलटने से दबकर बच्चे की मौत हो गई। घटना बसना थाना क्षेत्र का है। पांडु डड़सेना पिता सुंदर साय (45) ने पुलिस को बताया कि बीते शनिवार को वह अपने परिवार के साथ ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 09 जेई 1808 में बैठकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम चिमरकेल गए थे। वापसी ने ग्राम पीपलीपाली के तालाब के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया दबने से उनके 13 वर्षीय पुत्र टिकेश्वर डड़सेना की मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### मार्निंग वाक पर निकला था रिटायर्ड शिक्षक ,सडक़ हादसे में मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सीपत में रहने वाले 70 वर्षीय वृद्ध की खून से सनी लाश सीपत नहर के किनारे मिली है। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि सोमवार की सुबह रिटायर्ड शिक्षक अपने घर से मार्निंग वाक पर निकले थे। मचखंडा नवागांव रोड में वे सडक़ किनारे योगा कर रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल थे। थोड़ी ही देर में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीपत के बाजार में रहने वाले छेदीलाल वर्मा सेवानिवृत्त शिक्षक थे। वे प्रतिदिन सुबह मचखंडा नहर टहलने के लिए जाते थे। सोमवार की सुबह 5:30 बजे वे टहलने के लिए घर से निकले थे। सुबह छह बजे किसी ने उनके बेटे नरेश को फोन पर बताया कि सीपत नहर के झरझरा पुल के पास उनके पिता की लाश पड़ी है। इस पर वे परिवार के सदस्यों के साथ वहां पहुंचे। फिर वहां देखा कि खून से सनी उसकी लाश पड़ी थी।

# अवैध रेत उत्खनन पर लगातार जारी रखें कार्यवाही : कलेक्टर

## सुबह 10 बजे से कार्यालयों का संचालन करने के निर्देश

**कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की वर्चुअल बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश खनिज अधिकारी व सभी एसडीएम को दिए। साथ ही उन्होंने रेत को निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने के निर्देश सभी खदान संचालक व ट्रांसपोर्टर्स को देने के लिए कहा तथा इसकी नियमित निगरानी करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने शासन के नये निर्देशों के तहत कार्यालयीन समय में हुए फेरबदल के मद्देनजर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थित होने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी जिला अधिकारियों एवं समस्त एसडीएम को मॉनिटरिंग करने के लिए कहा तथा उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश भी दिए।



कलेक्टर सिंह ने बैठक में टीकाकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि चूंकि अब स्कूल खोले जा चुके है अत: 15 से 18 वर्ष के आयु श्रेणी के किशोरों का टीकाकरण जल्द पूरा कर लिया जाए। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आयु श्रेणी में 83 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है तथा शेष बच्चों का अगले कुछ दिनों में टीकाकरण पूर्ण करने की योजना है। इसी के साथ कलेक्टर सिंह ने फ्रन्ट लाईन वर्कर्स तथा 60 प्लस के कोमार्बिड व्यक्तियों को बूस्टर डोज लगाने का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने वन अधिकार पत्र वितरण के लिए चल रही कार्यवाही की भी जानकारी ली। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का ग्राम सभा से अनुमोदन करवाया जाना है। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों वार्डो से अनुमोदन की कार्यवाही पूरी करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी पूरी होने के साथ अब तेजी से धान का उठाव व मिलिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिया। कलेक्टर सिंह ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने तैयार किए वर्मी कम्पोस्ट का भण्डारण सहकारी समितियों में करवाने के निर्देश दिए। जिससे कि रबी फसल की खरीदी के लिए आने वाले किसानों को खाद आसानी से मुहैय्या करवायी जा सके। उन्होंने वन विभाग द्वारा तैयार गौठानों में भी वनोपज आधारित रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने लोक सेवा गारंटी के तहत प्रकरणों के निराकरण की भी जानकारी ली। कुछ प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जतायी और संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस तथा आरटीओ विभाग को ओव्हर लोडिंग वाहनों पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**टेक्सटाईल यूनिट तैयार, उद्योगों से लें आर्डर-** कलेक्टर सिंह ने रायगढ़ में शुरू की गई टेक्सटाईल यूनिट संचालन की भी समीक्षा की। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि मशीनों के इस्टालेशन के साथ-साथ प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा काम शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने उद्योग विभाग के अधिकारी को जिले में संचालित उद्योगों से यूनिफार्म सिलाई के आर्डर लेने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूली यूनिफार्म सिलाई के लिए यूनिट का पंजीयन हथकरघा विभाग में भी करवाने के लिए निर्देशित किया।

**सूरजगढ़-पडिग़ांव मार्ग का निर्माण जल्द करें शुरू-** कलेक्टर सिंह ने सूरजगढ़-पडिग़ांव अप्रोच रोड के निर्माण के संबंध में ईई पीडब्लूडी से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि चंद्रपुर पुल में निर्माण कार्य चलने के कारण इस मार्ग पर ट्रेफिक का अत्यधिक दबाव है इसको देखते हुए सुबह 8 से रात 8 बजे तक भारी वाहनों वाहनों का आवागमन बंद कर छोटी वाहनों को मार्ग के एक साइड चलाते हुए निर्माण कार्य शुरू करने की कार्ययोजना बनायी गयी है। इसमें यात्री बसों का आवागमन उनके समयानुसार होता रहेगा। कलेक्टर सिंह ने पुलिस विभाग से समन्वय कर ट्रेफिक व्यवस्था को सुचारू बनाये रखते हुए अप्रोच रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

## महिला से चैन व अंगूठी की लूटपाट करने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी कोतवाली पुलिस

**रायगढ़।** दिनांक 07-02-2022 के शाम थाना कोतवाली अन्तर्गत गणेश तालाब गौशाला चौक के पास दो अज्ञात युवकों द्वारा महिला को डराधमकाकर उसकी अंगूठी और सोने की चैन लूट कर फरार हो गये। घटना के संबंध में देर रात पीड़ित महिला द्वारा थाना कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीड़ित महिला श्रीमती शकुंतला अग्रवाल पति स्व लखन अग्रवाल उम्र 58 साल निवासी बगीचापारा थाना राजगंगपुर जिला सुंदरगढ (उडिसा) बताई कि दिनांक 07-02-2022 को दोपहर में अपने बेटी दमाद शिव अग्रवाल निवासी कहारगली कोतरारोड़ रायगढ के घर मेहमानी में आयी थी। शाम करीब 06:45 बजे श्रीमती शकुंतला अग्रवाल गणेश तालाब से घुमकर वापस घर जा रही थी। तभी तालाब के सामने रोड़ में एक लडका श्रीमती शकुंतला अग्रवाल के पास पता पूछने के बहाने बातचीत शुरू किया फिर उन्हें धमकाते हुये उनके पेट के पास एक चाकू नुमा हथियार अड़ाकर "सिर ढक लो और जितने गहने पहने हो सब दे दो नहीं तो जान से मार दूंगा" कहकर धमकी देने लगा। उसी वक्त लूटेरे का एक और साथी भी वहां आ गया। दोनों श्रीमती शकुंतला अग्रवाल के पहने गले का सोन का चैन, एक सोने का अंगूठी, एक जोडी सोने की कान की बाली कीमती करीब 45,000 रूपये को लूटकर भाग गये। कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपियों पर धारा 392, 34 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों के हुलिए अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों से सघन पूछताछ कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही है।




## मेहमान आई महिला की सोने की हार हुई चोरी, सारंगढ़ पुलिस, महज चंद घंटों में किया बरामद

**रायगढ़।** दिनांक 08.02.2022 के शाम ग्राम भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले को कुशलनगर सारंगढ़ से सूचना मिला कि मेहमानी पर आयी एक महिला का सोने का हार किसी अज्ञात चोर द्वारा बैग सहित चोरी कर ले गया है। थाना प्रभारी द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक टीकाराम खटरकर के हमराह पुलिस बल तत्काल कुशलनगर रवाना होने निर्देशित किया गया। पुलिस टीम कुशलनगर पहुंचकर पीड़ित महिला निशा मनहर निवासी सरसींवा जिला बलौदाबाजार से पूछताछ किया गया, महिला बताई कि कुछ ही समय पहले वह अपने सोने के हार को बैग में रखकर बाथरूम तरफ गई थी, वापस आने पर बैग गायब था। महिला एवं घर के सदस्यों से पूछताछ कर पुलिस टीम द्वारा बारीकी से पूछताछ कर संदेही व्यक्तियों के घर आसपास चेक किया जाने लगा, पुलिस की सक्रियता देख अज्ञात चोर द्वारा सोने के बैग में रखा हार घर से थोड़ी दूर फेंक कर भाग गया था। पुलिस द्वारा हार को बरामद कर पीड़ित महिला से हार का पहचान कराया गया जिसने आपने सोने की हार की पहचान की तथा घर-परिवारवालों से सलाह मसवीरा कर आगे कोई कार्रवाई नहीं चाहना बताई। वार्ड के प्रमुख व्यक्तियों के समक्ष पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कर सोने का हार महिला के सुपुर्द किया गया है। चोरी के हार की पतासाजी में थाने के प्रधान आरक्षक टीकाराम खटकर, आरक्षक कन्हैया खुंटे, विकास पटेल एवं महिला आरक्षक शकुंतला जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की वार्डवासियों द्वारा खुले कंठ से प्रशंसा की जा रही है।



### जंगल में मिली माँ-बेटे की लाश, पुलिस जांच में जुटी पुलिस

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** किसी रिश्तेदार के दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे मां बेटे का शव जंगल में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर महिला के गले में धारदार हथियार के निशान है। वहीं कुछ ही दूरी पर बेटे का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला है। पुलिस मामले में हत्या और आत्महत्या का मामला जोडक़र देख रही है। भाटापारा कोतवाली पुलिस ने बताया कि भरुवाडीह निवासी गौरी बाई के जेठ का देहांत हो गया था और उसी के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गौरी अपनी बेटे भुरू के साथ शुक्ला भाठा गई हुई थी। रविवार की शाम दोनों बाइक में सवार होकर अपने घर के लिए निकले थे। जिसके बाद सुबह दोनों की लाश सोनबरसा जंगल में मिली। दोनों की लाश मिलने के बाद पुलिस ने मामले को हत्या और आत्महत्या से जोडक़र इसकी जांच शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों के शव को पीएम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है।

## घर से भागी दो नाबालिग लड़कियों का घरघोड़ा पुलिस की रेस्क्यू ... 24 घंटे के भीतर दोनों नाबालिग सकुशल बरामद

**रायगढ़।** दिनांक 07/02/2022 के सुबह घरघोड़ा थानाक्षेत्र की रहने वाली दो नाबालिक लड़कियां घर से स्कूल जाने के लिए सुबह घर से निकली थी जो स्कूल न जाकर रायपुर की ओर जाने के लिए निकल गई थी, जिसकी सूचना बालिका के परिजनों द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को दिया गया। एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा बालिकाओं के साथ किसी घटना, दुर्घटना की आशंका पर तत्काल घरघोड़ा थाने से अलग-अलग टीम बनाकर बालिकाओं की पतासाजी के लिये रवाना किया गया एवं साइबर सेल से बालिकाओं के मोबाइल नम्बर को ट्रैस कराये किन्तु घर से भागी दोनों लड़कियां अपने पुराने नंबर को स्विच ऑफ कर दिये थे। तब एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा घरघोड़ा पुलिस टीम को चाम्पा रेल्वे स्टेशन जाकर पतासाजी का निर्देश दिया गया एवं चाम्पा, अकलतरा थाना प्रभारियों एवं आरपीएफ प्रभारी से संपर्क कर बालिकाओं के हुलिए की जानकारी देकर पतासाजी हेतु बताया गया। घरघोड़ा पुलिस की एक टीम सिविल ड्रेस में चांपा रेलवे स्टेशन पहुंचकर रायगढ़ की ओर से आ रही ट्रेनों को बारीकी से जांच किया जा रहा था। तभी दोनों लड़कियां चांपा रेलवे स्टेशन पर देखी गई जो दूसरी ट्रेन पकड़कर आगे निकल गई जिस पर अकलतरा पुलिस से संपर्क कर दोनों लड़कियों को अकलतरा रेलवे स्टेशन में आरपीएफ एवं अकलतरा पुलिस द्वारा सिविल यूनिफॉर्म में पकड़ा गया। दोनों लड़कियों को घरघोड़ा पुलिस थाने लाई, परिजनों के समक्ष बालिकाओं द्वारा पूछताछ में बताये कि दोनों दिनांक 06.02.2022 की रात मोबाइल पर बात कर रायपुर घूमने जाना तय किये थे और दोनों साऊथ विहार एक्सप्रेस से रायपुर जाने के लिये निकले थे, दोनों बालिकाओं द्वारा किसी प्रकार की घटना नहीं होना बताये हैं। घरघोड़ा पुलिस को परिजनों द्वारा आगे किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं चाहने बाबत बयान दिया गया है। एसडीओपी दीपक मिश्रा के मागदर्शन पर चलाये गये बालिकाओं के रेस्क्यू में घरघोड़ा पुलिस के साथ, चाम्पा थाने के मनीष परिहार, अकलतरा थाना स्टाफ एवं आरपीएफ स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।




## प्रदेश में 1300 नए कोरोना संक्रमित मिले, 10 की हुई मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में मंगलवार को 1300 कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है वहीं 10 लोगों की मौत हुई है। साथ ही 209 लोग अस्पताल से डिस्चार्ज हुए। वहीं 3366 लोगों ने अपना होम आइशोलेशन कंप्लीट किया है। मंगलवार को रायपुर जिले में सर्वाधिक 212 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए है। इस प्रकार अब प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 11,426 हो गई है। प्रदेश में अब औसत पाजीटीविटी दर 3.41 प्रतिशत हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग से जारी बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को प्रदेश में 38 हजार 74 लोगों की कोरोना जांच हुई है जिसमें से 1300 कोरोना संक्रमित पाए गए है। इनमें रायपुर जिले में 212 संक्रमित मिले है। वहीं दुर्ग में 84, राजनांदगांव में 80, बालोद में 40, बेमेतरा में 30, कबीरधाम में 43, धमतरी में 183, बलौदाबाजार में 16 , महासमुंद में 28, गरियाबंद में 11, बिलासपुर में 77, रायगढ़ में 19, कोरबा में 36, जांजगीर चांपा में 41, मुंगेली में 31, गौरेला पेण्ड्रा मारवाही में 11, सरगुजा में 41, कोरिया में 59, सूरजपुर में 36, बलरामपुर में 25, जशपुर में 10, बस्तर में 24, कोण्डागांव में 45, दंतेवाड़ा में 10, कांकेर में 95, एवं नारायणपुर 4 एवं बीजापुर में 9 मरीजों की पहचान हुई है। इस प्रकार अब प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 11,426 हो गई है तथा पॉजिटीविटी रेट 3.41 प्रतिशत पहुंच चुका है। वहीं मंगलवार को 10 लोगों की मौत हुई है।



# विभागीय उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में जिले के नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रदर्शनी में अंगना म शिक्षा, पढ़ई तुंहर दुआर, हस्तलिखित पुस्तिका निर्माण, कबाड़ से जुगाड़ विधाओं में लगाए गए स्टाल**

**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राजधानी रायपुर में विभागीय उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन 3 से 5 फरवरी 2022 तक किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न संभागों अंतर्गत विभिन्न जिलों के चयनित नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था। राज्य स्तरीय उक्त प्रदर्शनी राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित की गई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के पंडाल में राज्य के विभिन्न संभागों अंतर्गत विभिन्न जिलों से चयनित नवाचारी एवं कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्यों प्रदर्शन हेतु स्टाल लगाए। इसी तारतम्य में रायगढ़ जिले से 4 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभागीय उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जिले के गौरवशाली परंपरा को बरकरार रखते हुए अपने- अपने नवाचारी उल्लेखनीय गतिविधियों एवं कार्यो का स्टॉल लगाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



उल्लेखनीय है कि विभागीय उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में रायगढ़ जिले में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की जिला नोडल व शासकीय प्राथमिक शाला खिचरी विकासखंड बरमकेला रायगढ़ में सहायक शिक्षिका के रूप में पदस्थ सुनीता यादव ने जिले में संचालित अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम के समक्ष बच्चों के साथ डेमो प्रस्तुत किया, जिसकी शिक्षा मंत्री जी ने प्रशंसा की। विदित हो कि सुनीता यादव एक नवाचारी शिक्षिका के रूप में जानी जाती हैं तथा वे वर्तमान में अंगना म शिक्षा के जिला नोडल के रूप में कार्य कर रही हैं।

इसी अनुक्रम में रायगढ़ जिले के शामिल अन्य शिक्षक धर्मजयगढ़ विकासखंड के नवाचारी शिक्षक निरंजन लाल पटेल ने स्वरचित व संकलित पुस्तक 100 दिन सौ कहानी, कबाड़ से जुगाड़ एवं गड़बो नवा भविष्य पर आधारित प्रदर्शनी में कबाड़ से जुगाड़ व पुस्तकों का स्टाल लगाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने निरंजन पटेल द्वारा निर्मित गड़बो नवा भविष्य पुस्तक पर अपने ऑटोग्राफ देकर जिले के शिक्षक निरंजन लाल पटेल को शुभकामनाएं भी दी। इसी तारतम्य में जिले की अन्य शिक्षिका सुश्री सुशीला साहू शासकीय प्राथमिक शाला कोसमनारा तथा वीरेंद्र चौहान माध्यमिक शाला डोंगीतराई रायगढ़ ने भी विभागीय उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में अपने नवाचारी तथा उल्लेखनीय कार्य का स्टाल लगाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में अंगना म शिक्षा, पढ़ई तुंहर दुआर, हस्त पुस्तिका निर्माण आदि विषय अंतर्गत स्टाल लगाए गए थे जिसमें जिले से चयनित 4 शिक्षक शिक्षिकाओं ने विभिन्न विषय अंतर्गत स्टाल लगाकर प्रदर्शनी में जिले का प्रतिनिधित्व किया। जिले के शिक्षकों द्वारा राज्य सरकार के उपलब्धियों को बेहतर प्रदर्शन के कारण जिले का नाम रोशन करने पर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक आर.के.देवांगन, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, भूपेंद्र पटेल एवं आलोक स्वर्णकार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480